अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश - 249203
All India Institute of Medical Sciences Rishikesh-249203

एम्स–ऋषि. / प्र.का. / 203 / 2023 / 26जनवरी / 6829 / 11.01.2024

कार्यालय – ज्ञापन

विषयः– अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी, 2024 को ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में।

आदेशानुसार सूचित करना है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम ब्लॉक बी के समीप 'सी 3–पार्किंग' में 26 जनवरी, 2024 दिन शुक्रवार को प्रातः 08:30 बजे से आयोजित होगा।

दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, **गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 2024 को प्रातः 09.30 बजे ब्लॉक बी के समीप 'सी 3–पार्किंग' में प्रो0 मीनू सिंह, माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया** के संरक्षण में ध्वजारोहण किया जाएगा।

कार्यक्रम की रूप–रेखा :

समय		कार्यक्रम
पूर्वाह्न 08:30 बजे	:	बैठक व्यवस्था प्रारम्भ
पूर्वाह्न 09:30 बजे	:	ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सलामी
पूर्वाह्न 09:45 बजे	:	माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया का सम्बोधन
पूर्वाह्न 10:00 बजे	:	राष्ट्रीय गीत
पूर्वाह्न 10:05–11:15 बजे	:	सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन
पूर्वाह्न 11:15 बजे	:	मिष्ठान्न वितरण

नोट : समस्त फैकल्टी / अधिकारियों / कर्मचारियों / रेजीडेंट्स / छात्र–छात्राओं / अतिथियों से अनुरोध है कि वें बैठक व्यवस्थानुसार अपना स्थान प्रातः 9.15 बजे तक ग्रहण कर लें ।

बैठने की व्यवस्था निम्नप्रकार हैः–

- समस्त कार्यक्रम, **(माननीया कार्यकारी निदेशक महोदया का सम्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम)** मंच (कार्यकारी निदेशक कार्यालय के समीप पार्किंग स्थल – सी 3) में उपरोक्तानुसार किया जायेगा, जिसमें संस्थान की कार्यकारी निदेशक महोदया, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ आचार्य, आचार्य, समस्त पदाधिकारी **(All Office Bearers)**, समस्त कार्यक्रम संयोजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी होंगे।

उपरोक्त समस्त कार्यक्रम का **'लाईव प्रदर्शन'** एवं **वेबकास्ट** किया जाएगा, ताकि संस्थान के समस्त सहायक कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी गणतंत्रता दिवस समारोह का **(सोशल मिडिया, फेसबुक, वेबकास्ट आदि के माध्यम से)** दृश्यावलोकन कर सकेंगे। प्रौद्योगिकी संबंधित समुचित व्यवस्था आई0 टी0 विभाग सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम कमेटी निम्नप्रकार है :

1. **सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक : (पूर्वाभ्यास इत्यादि सुनिश्चित करेंगे)**
- डॉ0 रश्मि मल्होत्रा, प्रोफेसर, शरीर रचना विभाग
- डॉ0 वेंकटेश पाई, एडीशनल प्रोफेसर, सामान्य चिकित्सा विभाग
- डॉ0 मोनिका पठानिया, एडीशनल प्रोफेसर, सामान्य चिकित्सा विभाग
- डॉ0 आशीष जैन, ऐसोसिएट प्रोफेसर, ट्रांसफ्यूजन मेडिसीन विभाग
- डॉ0 रूचिका रानी, असिस्टेंट प्रोफेसर, नर्सिंग कालेज

2. **साज– सज्जा इत्यादि का संयोजक : (ध्वजारोहण/कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, स्टेज, साउंड सिस्टम, फूलों की साज – सज्जा एवं भवन लाइटिंग इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।)**
- श्री रागुल पी. के. अधिशासी अभियंता, अभियांत्रिकी विभाग
- श्री विनीत कुमार, प्रमुख निजी सचिव, कार्यकारी निदेशक
- श्री अनुराग शुक्ला, प्रोग्रामर/श्री कपिल जोशी, प्रोग्रामर

3. **मिष्ठान्न वितरण संयोजक :**
- श्री संदीप कुमार सिंह, वरि. लाईब्रेरियन
- श्री प्यार सिंह राणा, सुरक्षाधिकारी
- श्री नवीन, कनि. प्रशासनिक अधिकारी

4. **आई.टी.बी.पी बैंड संयोजक :**
- श्री प्यार सिंह राणा, सुरक्षाधिकारी

5. **उद्घोषक :**
- सुश्री कल्पना मीणा, कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
- श्री नरेश मोहन, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

समारोह स्थल पर आगन्तुकों, स्टेज, पोडियम एवं व्याख्यान कक्षों आदि के 'सेनिटाईजेशन'* की समुचित व्यवस्था एम्स सुरक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ स्वच्छता अधिकारी के द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।

नोट : गणतंत्रता दिवस के आयोजन पर समस्त नियमित/संविदात्मक/आउटसोर्स फैकल्टी/एस. आर/जे.आर./अधिकारीगण/कर्मचारीगण/छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी ।

यह कार्यालय–ज्ञापन कार्यकारी निदेशक महोदया के आदेशानुसार जारी किया गया है ।

गौरव कोहली
11/01/2

प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः–
1. प्रमुख निजी सहायक, कार्यकारी निदेशक महोदया (निदेशक महोदय् के सूचनार्थ)
2. उप–निदेशक (प्र0)/संकायाध्यक्ष/चिकित्साधीक्षक/ अधीक्षण अभियंता/प्राचार्य नर्सिंग/ वित्तीय सलाहकार/रजिस्ट्रार/जनसंपर्क अधिकारी/वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/अधिशासी अभियंता/आहरण एवं वितरण अधिकारी/वरिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष/वरिष्ठ कय कम भण्डार अधिकारी/ लेखाधिकारी/भण्डार अधिकारी/सुरक्षा अधिकारी/वरि. स्वच्छता अधिकारी
3. कार्यक्रम के समस्त संयोजक
4. समस्त विभाग एवं विभागाध्यक्ष (समस्त संकायों एवं कर्मचारियों के सूचनार्थ)